भारत सरकार

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

हिन्दी प्रश्न पत्र–1

समय : 3:00 घंटा                                                                 पूर्णांक : 100

**प्रश्न 1: निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।**

क) बढ़ती भौतिकता घटते मानवीय मूल्य

ख) अनेकता में एकता–भारत की विशेषता

ग) शिक्षित बेरोजगारी की समस्या और समाधान

अंक 20

प्रश्न 2: श्री सुरेश कुमार, सहायक ने अपनी सुपुत्री की बीमारी के कारण अपनी अर्जित छुट्टी एक माह और बढ़ाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। इस संबंध में कार्यालय प्रमुख की ओर से निदेश देते हुए उन्हें अपनी सुपुत्री की बीमारी के संबंध में सरकारी चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए लिखे जाने वाले पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।

अंक 15

**प्रश्न 3: निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।**

(1) जहाज के डूबते ही कप्तान नीचे कूद गया।

(2) जनता के अन्दर असंतोष फैल गया।

(3) इस वीरान जीवन में

(4) यह बात कदापि भी सत्य नहीं हो सकती

(5) छोटी आयु शिक्षा लेने के लिए है

अंक 5

**प्रश्न 4: नीचे दिए गए अनुच्छेद के पहले और अंतिम वाक्यों को क्रमशः (एक और छह) की संख्या दी गई है। इनके बीच में आने वाले चार वाक्यों को क, ख, ग और घ के रूप में दर्शाया गया है, जो व्यवस्थित क्रम में नहीं है। इन चार वाक्यों का व्यवस्थित क्रम लिखकर अर्थपूर्ण अनुच्छेद बनाएं।**

(1) महात्मा गाँधी के जीवन के मूल मंत्र थे–सत्य और अहिंसा।

(क) उनकी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

(ख) किसी प्रकार की हिंसा का आश्रय लेकर प्राप्त की गई स्वाधीनता भी उन्हें स्वीकार्य न थी।

(ग) अहिंसा से उनका तात्पर्य था–मनसा, वाचा, कर्मणा अहिंसा।

(घ) सत्य के बिना वे एक कदम भी आगे बढ़ने को तैयार न थे।

(6) वास्तव में, गाँधी को महामानव नहीं, देवताओं की कोटि में रखा जाना चाहिए।

अंक 5

**प्रश्न 5: नीचे लिखे गए शब्दों के समानार्थक शब्द के लिए चार–चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से सही विकल्प का चयन करें।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1) प्रत्यय | (क) आरंभ में | (ख) समास | (ग) अंत में | (घ) सर्वनाम |
| 2) भूमिका | (क) उपसंहार | (ख) प्रारब्ध | (ग) परिप्रेक्ष्य | (घ) समीक्षा |
| 3) विसंगति | (क) भिन्नता | (ख) कुसंग | (ग) निरादर | (घ) मिथ्या |
| 4) उत्कृष्ट | (क) अति उत्तम | (ख) सर्वोत्तम | (ग) अद्भुत | (घ) प्रवीण |
| 5) मूल्यांकन | (क) जांच करना | (ख) अनुमान लगाना | (ग) समाधान | (घ) निदान |

अंक 5

**प्रश्न 6 : निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करें।**

1. ईद का चांद होना 2. चार चांद लगाना 3. आंखों पर बिठाना 4. ऊंची दुकान फीका पकवान 5. अंगूठा दिखाना

अंक 5

**प्रश्न 7: अनेक शब्दों अथवा पदबंधों के लिए एक–एक शब्द लिखिए।**

1. युग को नई दिशा देने वाला
2. गोद लिया हुआ पुत्र
3. वह अग्नि जो जंगल में अपने आप लग सकती है
4. जिसे तैर कर पार करना कठिन हो
5. जिस पर विजय प्राप्त न हो सके

अंक 5

**प्रश्न 8: निम्नलिखित अंकों को शुद्ध हिन्दी शब्दों में लिखें :–**

685, 751, 389, 877, 529

अंक 5

**प्रश्न 9: नीचे लिखे अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी पर्याय के लिए चार–चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से सही विकल्प का चयन करें।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1) Scrutiny | (क) समीक्षा | (ख) संवीक्षा | (ग) निरीक्षण | (घ) परीक्षण |
| 2) Infraction | (क) अत्याचार | (ख) उत्पीड़न | (ग) निर्मम | (घ) अतिक्रमण |
| 3) Abjure | (क) तिरस्कार | (ख) सम्मान | (ग) त्यागना | (घ) संपन्न |
| 4) Mundane | (क) दिव्य | (ख) हाथ द्वारा | (ग) परलोक | (घ) सांसारिक |
| 5) Precedent | (क) आदेश | (ख) अधिसूचना | (ग) उदाहरण | (घ) अंतिम निर्णय |

अंक 5

**प्रश्न 10: निम्नलिखित अनुच्छेद का सार (लगभग एक तिहाई शब्दों में) और इसका उपयुक्त शीर्षक लिखें।**

2005 में सूचना का अधिकार कानून का लागू होना भारत के शासन में एक ऐतिहासिक क्षण था। सरकार के कामकाज, और उसकी आगे की नीतियों की जानकारी लेने के अधिकार से जनता का सशक्तीकरण करके इस अधिनियम ने लोकतंत्र को वास्तविक अर्थ में लोगों के लिए काम करने वाला बना दिया है। पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतांत्रिक ढ़ाचे के काम करने की पहचान (Trademark) है और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में आर.टी.आई. के लागू होने से ये स्तम्भ और मजबूत हुए हैं। इस अधिनियम ने सरकार के निर्णयों के बारे में सूचना लेने का अधिकार देकर जनता को वास्तविक रूप से सशक्त बना दिया है। जिसके कारण जनता और सरकार की सहभागिता बढ़ी है, जिसने भागीदारी विकास को बढाया है। जनता द्वारा सामाजिक लेखा–परीक्षण और सार्वजनिक सुनवाई के आयोजन से भारतीय लोकतंत्र में एक नए युग का सूत्रपात हुआ है। इस प्रकार जनता स्वयं को सरकार का हिस्सा समझने लगी है और इससे उसमें सरकार के प्रति विश्वास पैदा करने में सहायता मिली है।

अंक 20

**प्रश्न 11 : निम्नलिखित वाक्यांशों को हिन्दी में लिखें।**

(क) Usual rules would be applicable in this case (ख) The file is not readily traceable. Efforts are being made to trace it. (ग) The orders on the subject are not quite clear. We may seek clarification from the Ministry of Finance. (घ) A substitute may be appointed against the leave vacancy as an interim arrangement. (ङ) Statements are quite contradictory.

अंक 10